भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3526
जिसका उत्तर मंगलवार 11 अगस्त, 2015 को दिया जाना है

बिजली उपकरणों की आपूर्ति

3526. श्री गणेश सिंह:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) द्वारा विभिन्न बिजली उत्पादक कंपनियों को बिजली के उपकरणों की आपूर्ति में अत्यधिक विलंब हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क) और (ख): भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), उपयोगिता बिजली उत्पादक कंपनियों की विभिन्न परियोजनाओं की आवश्यकता और अपनी परियोजना स्थलों की तैयारी के अनुसार आम तौर पर अपने कार्य-क्षेत्र में बिजली उपकरणों की आपूर्ति कर रहा है।

कुछ परियोजनाएं जिनमें उच्च स्तर की जटिलताएं और अन्तर्निर्भरता निहित हैं की आपूर्तियों में विलंब हो ही जाता है और कभी-कभी स्थलों पर अपेक्षित फ्रंट्स तैयार न होने, उचित भंडारण आदि की बाधाओं के कारण भी विलंब हो जाता है।

(ग): भारी उद्योग विभाग तथा विद्युत मंत्रालय बीएचईएल के साथ नियमित आधार पर समीक्षा बैठकें करते हैं और उपयुक्त हस्तक्षेपों के माध्यम से अन्य सरकारी एजेन्सियों/विभागों/मंत्रालयों/ग्राहकों आदि के साथ मुद्दे उठाने में अपेक्षित सहायता करते हैं।

******